अमर उजाला 06/12/2023

कैडेटों ने पोस्टर के माध्यम से भविष्य में बाजरे के सेवन पर दिया जोर

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला सिटी। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में दो दिवसीय मिल्लेट-पौष्टिक आहार और स्वस्थ जीवन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा ने बताया कि यह गतिविधि मंत्रालय के अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई। इस उपलक्ष्य पर एएनओ पुरुष विंग डॉ. एसएस नैन को मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया। उन्होंने कैडेटों और शिक्षकों से अच्छे खान-पान पर जोर देने की अपील की।

कैडेटों ने पोस्टरों से भाषण देते हुए भविष्य में बाजरे के सेवन पर जोर दिया। इस अवसर पर 20 कैडेट मौजूद रहे। प्रतियोगिता में डॉ. अमिता और असिस्टेंट प्रोफेसर रमनीत ने निर्णायक की भूमिका निभाई।